आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 21.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व स्तर पर आगे बढ रहा है। एक निजी मीडिया आउटलेट की ओर से आयोजित विश्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रूप में एआई को मान्यता देता है, जबकि भारत एक दूसरा एआई–आकांक्षी भारत है। उन्होंने कहा कि जब विश्व अनिश्चितता में उलझा हुआ था, तब भारत आशा के एक प्रकाशस्तंभ के रूप में उभरकर सामने आया। कोविड–19, वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन और युद्ध जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक स्थितियां भी भारत को प्रभावित करती हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत के साथ न सिर्फ कार्यक्रमों की सूची बल्कि उम्मीदों की सूची भी जुडी हुई है।

000000

पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर आज देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धाजंलि दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि वे पुलिस कर्मियों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करते हैं। पुलिसकर्मियों का अटूट समर्पण देश के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। मानवीय चुनौतियों के दौरान उनके सक्रिय प्रयास और सहायता भी समान रूप से सराहनीय हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कर्तव्य पथ पर शहीदों को नमन किया। श्री शाह ने आज सुबह नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और पुलिस शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि राष्ट्र वीर जवानों और उनके परिवारों द्वारा किए गए सभी बलिदानों का सम्मान करता है। इधर प्रदेश में पुलिस शहीद दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित किया गया। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने कार्यक्रम में शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। जयपुर के त्रिमूर्ति सर्किल पर भी पुलिस महानिदेशक ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। भीलवाडा, शाहपुरा और सांचौर में पुलिस अधिकारियों ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर करौली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दौसा, डूंगरपुर, कोटपूतली बहरोड और नसीराबाद में शहीदों को नमन कर पौधारोपण के माध्यम से श्रद्धाजंलि दी गई। पाली में रिजर्व पुलिस लाइन में सेरेमोनियल परेड हुई। इस मौके पर देश की सेवा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों का नाम वाचन किया गया और पुलिस के कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गइ। गौरतलब है कि 1959 में आज ही के दिन लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इन अमर जवानों की शहादत को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए पूरे देश में हर पुलिस संगठन और संस्थान में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है।

000000

प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक रखी गई है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की जायेगी। बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, डॉ सीपी जोशी सहित राजस्थान के तीनों सह प्रभारी मौजूद रहेंगे। उम्मीदवारों के नाम, चर्चा के बाद पार्टी आलाकमान को भेजे जायेंगे। इधर भारतीय जनता पार्टी 6 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। चौरासी विधानसभा सीट पर उम्मीदवारी की घोषणा करना बाकी है।

0000

तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में मेक्सिको के ट्लाक्सकाला में भारत की दीपिका कुमारी ने महिलाओं के रिकर्व वर्ग में रजत पदक जीता है। उन्हें फाइनल में चीन की ली जियामन से हार का सामना

करना पड़ा। दीपिका ने सेमीफाइनल में मेजबान मेक्सिको की अलहन्द्रा वेलेंसिया को 6–4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दीपिका कुमारी पांचवीं बार तीरंदाजी विश्व कप में उपविजेता रहीं।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000

श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में ई–श्रम पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को इसके जरिये एक ही जगह सभी सुविधाएं मिलेंगी। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य् सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बारे में प्रभावशाली तरीके से जानकारियां एकत्रित करना है। इससे असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनके लिए बनाई गई योजनाओं से अवगत कराने में मदद मिलेगी।

00000